Date ___ / ___ / ___

A. कला का अर्थ एवं परिभाषाएँ (Meaning and Definitions of Art)

- कला न ज्ञान है, न शिल्प है, न ही विद्या है, वरन् जिसके द्वारा हमारी आत्मा [redacted] परमानंद का अनुभव करें, वहीं कला है।

कला शब्द 'कल' धातु से बना है। अंग्रेजी भाषा में कला को आर्ट (Art) कहते हैं। कला का शाब्दिक अर्थ है – सुन्दर अर्थात् जो आनन्द उत्पन्न करती है। कला मानवीय भावनाओं को सहज रूप में अभिव्यक्त करता है। कला में समाज एवं राष्ट्र के कल्याण की भावना सन्निहित रहती है। कला के अर्थ को समझने के लिए उसकी सम्भावनाओं को समझना आवश्यक है। कला मानव मस्तिष्क की सबसे ऊँची और प्रखर कल्पना है। कला मानव हृदय में सुखद भाव एवं अर्थपूर्ण अनुभूतियाँ उत्पन्न करती है। मानव इन्द्रियों को और मन को आनन्द प्रदा करती है। कला मानव के सृजनात्मक बाह्य, मूर्त रूप का संतुलन, अनुपात और सामंजस्य है। साधारणत: कला को पाँच भागों में विभाजित किया जाता है।–